Article Date	Headline / Summary	Publication
14 Oct 2026	Choosing the right motor insurance is also very important while buying a vehicle: Rakesh Kaul	Punjab Kesri (Hindi)

वाहन खरीदते वक्त सही मोटर इंश्योरैंस चुनना भी बेहद महत्वपूर्ण: राकेश कौल

चंडीगढ़, 13 अक्तूबर (स.ह.) : त्योहारों का मौसम अक्सर नई शुरुआत का प्रतीक होता है और कई परिवारों के लिए इस दौरान नया वाहन घर लाना एक खास खुशी की बात होती है। इस समय



सही कार या टू-व्हीलर चुनना जितना महत्वपूर्ण है, उतना ही जरूरी सही मोटर इंश्योरैंस चुनना भी। राकेश कौल चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर रिटेल बिजनैस बजाज जनरल इंश्योरेंस ने बताया कि मोटर इंश्योरैंस केवल कानूनी आवश्यकता पूरी करने तक सीमित नहीं है। यह दुर्घटना, चोरी, प्राकृतिक आपदा और थर्ड पार्टी के प्रति देनदारी से होने वाले वित्तीय नुक्सान को मैनेज करके वाहन मालिकों की मदद भी करता है। इसके साथ ही इससे जुड़े खर्चों व नुकसान को भी कवर करता है।

जब कोई वाहन सड़क पर चलता है, तो उसके साथ कई तरह के जोखिमों के होने की संभावना हो जाती है। छोटी-मोटी खरोंच और मामूली टक्कर से लेकर बड़ी दुर्घटनाओं से लेकर चोरी तक, अचानक होने वाली घटनाओं के कारण वाहन की रिपेयरिंग या रिप्लेसमेंट पर काफी खर्च हो सकता है। मोटर इंश्योरेंस इन खर्चों को कवर करने में मदद करता है, जिससे वाहन मालिक पर पड़ने वाला वित्तीय बोझ कम हो जाता है।